आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 23.05.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन किया। आतंकवाद और माओवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति दोहराई।
- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ की भूमिका की सराहना की। कहा– दुनिया भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी की प्रशंसा कर रही है।
- शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राज्य के सभी विद्यालयों में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।
- लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडेय ने गौरीकुंड से केदारनाथ तक यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स सम्मिट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि चाहे आतंकवाद हो या अशांति फैलाने वाले माओवादी तत्व, उनकी सरकार कतई बर्दाश्त न करने की नीति पर चलती है। आज नई दिल्ली में राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स सम्मिट का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र का विकास अत्यंत आवश्यक है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय था, जब पूर्वोत्तर को केवल सीमांत क्षेत्र कहा जाता था।
श्री मोदी ने शिखर सम्मेलन में उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों को लेकर उत्साह का माहौल है।

गृह मंत्री

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम हमले का जवाब है और आज दुनिया भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता की प्रशंसा कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की मजबूत राजनीतिक इच्छा शक्ति और खूफिया एजेंसियों की अचूक सूचना तथा सशस्त्र बलों द्वारा घातक कार्रवाई के कारण यह संभव हुआ है। आज नई दिल्ली में सीमा सुरक्षा बल अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि बीएसएफ और सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जवाबी कार्रवाई में महान वीरता और रक्षा की सच्ची शक्ति का प्रदर्शन किया है।
श्री शाह ने कहा कि बीएसएफ दुनिया का सर्वोच्च सीमा सुरक्षा बल है।
गृह मंत्री ने पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ भारत की सीमाओं की रक्षा में बीएसएफ की भूमिका की भी सराहना की।

शिक्षा मंत्री रुद्रप्रयाग

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राज्य के सभी विद्यालयों में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को हर माह प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। इसके अलावा उनकी माताओं को भी एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य शिक्षा के प्रति बच्चों और अभिभावकों में जागरूकता व उत्साह बढ़ाना है। शिक्षा मंत्री ने आज अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, रुद्रप्रयाग में आयोजित सम्मान समारोह में बोर्ड परीक्षा में टॉप करने वाले जिले के विभिन्न विद्यालयों के 42 छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर जिले के एक हजार

छात्र–छात्राओं को भारत दर्शन कार्यक्रम के तहत भ्रमण कार्यक्रम में ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य सभी विद्यालयों को आधुनिक बनाना है। शिक्षा मंत्री ने इंटर कॉलेज में जिले के पहले आधुनिक पुस्तकालय का लोकार्पण भी किया। यहां एक लाख पुस्तकों को रखने की क्षमता निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तकालय से छात्र–छात्राओं को, खासकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। इस सुविधा से न केवल पठन–पाठन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

सचिव जायजा

लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडेय ने गौरीकुंड से केदारनाथ तक यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रामबाड़ा–गरुड़चट्टी पुराने मार्ग के अवशेष कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिये। विभागीय सचिव गौरीकुंड से पैदल चलकर केदारनाथ पहुंचे। उन्होंने पैदल मार्ग पर चल रहे सुधारीकरण कार्यों के बारे में जानकारी ली। साथ ही मार्ग पर जगह–जगह यात्री सुविधाओं की बेहतरी के निर्देश भी दिये। डॉ. पाण्डेय ने प्राचीन रामबाड़ा–गरुड़चट्टी पैदल मार्ग के शेष कार्यों को पूरा करने रेलिंग और पत्थर बिछाने का कार्य समयबद्ध पूरा करने को कहा, ताकि आने वाले समय में श्रद्धालुओं को आवाजाही करने में आसानी हो सके। उन्होंने केदारनाथ में मंदाकिनी और सरस्वती नदी के संगम घाट का निरीक्षण भी किया और दोनों नदियों को चैनेलाइज करने के निर्देश दिए। सचिव ने केदारनाथ में पुल, अराइवल प्लाज़ा, मंदाकिनी आस्था पथ, अस्पताल भवन, प्रशासनिक भवन और सिविक सेंटर भवन का जायजा भी लिया।

तिरंगा सम्मान यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर आज मसूरी में आयोजित तिरंगा सम्मान यात्रा में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने भाग लिया। तिरंगा सम्मान यात्रा टिहरी बस स्टैंड से मसूरी गांधी चौक तक निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिकों, पूर्व सैनिकों सहित युवाओं और मातृशक्ति ने तिरंगे के साथ भाग लिया। यात्रा के दौरान तिरंगे के सम्मान में नारे गूंजे और देशभक्ति गीतों की धुन पर लोगों ने देश के प्रति अपना प्रेम प्रकट किया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हमारे सैन्य इतिहास की एक गौरवशाली गाथा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत किसी भी आतंकी चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।

खनन राजस्व

पौड़ी गढ़वाल में अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन के विरुद्ध खनन विभाग की ओर से चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत अब तक 29 करोड़ रुपए से अधिक की राजस्व वसूली की जा चुकी है। जिला खनन अधिकारी राहुल नेगी ने बताया कि विभाग ने 29 करोड़ 62 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया, जिसमें विभाग ने 41 मामलों में कठोर कार्रवाई करते हुए अवैध खनन व भंडारण पर भी शिकंजा कसा। इसके अलावा 154 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई।

खनन विभाग और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी की कार्रवाई जारी है।

दत्तक ग्रहण अभिकरण

रुद्रप्रयाग जिले में अनाथ, परित्यक्त और निराश्रित बच्चों के लिए राजकीय विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण का शुभारंभ हो गया है। विकास भवन में आज अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने इसका शुभारंभ किया। निराश्रित बच्चों के लिए गठित जिला निरीक्षण समिति ने बताया कि जिले में अनाथ अथवा निराश्रित बच्चों की जानकारी मिलने पर विशिष्ट दत्तक ग्रहण के प्रबंधक मोबाइल नंबर 7060235048 या चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 पर कभी भी संपर्क किया जा सकता है। संपर्क करते ही निराश्रित बच्चों को राजकीय विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण आश्रय प्रदान करेगा। साथ ही उन्हें कानूनी प्रक्रिया के तहत गोद दिए जाने की व्यवस्था भी की जाएगी।